## ब्रीफ खबरें

### तोपचांची बीआरसी में एमडीएम का ऑडिट रुका

**तोपचांची।** तोपचांची ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) में मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) योजना का ऑडिट मंगलवार को रुक गया है. ऑडिट टीम को बैंक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण प्रक्रिया पूरी होने में देर हो रही है. प्रखंड के सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक मध्यान्ह भोजन योजना से संबंधित रिकॉर्ड लेकर ऑडिट टीम के सामने प्रस्तुत हुए थे. लेकिन टीम ने पाया कि एमडीएम योजना के लिए आवंटित धन का उपयोग कैसे किया गया है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है. प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद मोदी ने कहा कि प्रधानाध्यापकों द्वारा बैंक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने को लेकर ऑडिट कार्य रोक दिया गया है. बैंक संबंधित कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश प्रधानाध्यापकों को दे दिया गया है. ऑडिट प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

### गृहिणी को डरा-धमका कर ले गया जेवरात

**महुदा।** महुदा थाना अन्तर्गत ग्राम कुलटाँड़ के निवासी रेशमी देवी ने अपने ही गाँव के रहने वाले राजा अंसारी पर चुपके से घर में घुसकर जान मारने की धमकी देकर 11300 रूपए एवं कान की बाली लेकर भागने का आरोप लगाया है. जिसकी लिखित शिकायत रेशमी देवी ने महुदा थाना को दिया है. रेशमी देवी ने बताया कि वह अपने घर पर बच्चों के साथ सोयी हुई थी. तभी रात के करीब 11:30 बजे गाँव के ही राजा अंसारी ने खिड़की का इंट हटाकर चोरी की नीयत से घर में दाखिल हो गया. सुगबुगाहट की आवाज सुनकर नींद खुल गई तो देखा कि गांव का राजा अंसारी बक्से को खोलने की कोशिश कर रहा है. जगा देखकर वो उसके पास आ गया और फिर गला दबाते हुए जान मारने की धमकी दिया. खतरा देखकर वह चुपचाप बैठी रही. इसके बाद उसके सामने ही राजा अंसारी ने बक्से में रखे रुपये एवं कान की बाली ले ली. महिला ने इस संबंध में पुलिस से कार्रवाई करने के साथ न्याय दिलाने की गुहार लगाई है.

### योग्य छात्र साइकिल से नहीं रहे वंचित : डीसी

**धनबाद ।** साइकिल वितरण योजना तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सरकार की महत्वपूर्ण योजना है. कोई भी योग्य छात्र योजना से वंचित नहीं रहे. सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी इसे गंभीरता से लें. उपरोक्त निर्देश उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान दिया. वहीं बलियापुर, बाघमारा, निरसा एवं टुंडी में अपेक्षा से कम प्रगति हासिल करने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को योजना का महत्व समझते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त ने बिरसा फसल बीमा योजना की समीक्षा की और अग्रणी जिला प्रबंधक को योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया. निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 5260 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जाएगा. वहीं 28608 छात्र - छात्राओं को पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी. बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार मौजूद थे.

# अखाड़े की जमीन पर नाला बनाने का विरोध

संवाददाता । झरिया




झरिया के वार्ड नंबर 49 में नुनुडीह बस्ती में अखाड़े की जमीन पर हो रहे नाले निर्माण का काम को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध कर दिया है. लोगों का कहना है कि ठीकेदार यहां पर अपनी मनमर्जी से काम करना चाह रहा है. स्थानीय लोगों इसी बात को लेकर नाराज हैं. लोगों का आरोप है कि बिना वर्क आर्डर के कुछ नेता लोग के मिलीभगत से नाले का काम कराना चाह रहे हैं.

जबकि बस्ती के लोगों का कहना है कि यहां पर नाले के लिए जमीन पूर्व से चिन्हित है. इसके बावजूद ठीकेदार मनमानी कर दूसरी जगह पर नाला बनाना चाह रहे हैं, जो अखाड़े की सार्वजनिक जमीन है. इस बात को लेकर लोगों ने ठीकेदार से यहां पर काम नहीं करने की बात कही है. ठीकेदार इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों को पुलिस व अन्य दबंगों की धमकी दे रहा है. लेकिन बस्ती के लोग ठीकेदार की बात सुनने को तैयार नहीं हैं और जहां पर जमीन है, वहीं पर नाला बनाने की बात कह रहे हैं. अरूण कुमार नोनिया, उपास कुमार नोनिया, अनूप कुमार और रोहित कुमार समेत बस्ती के लोगों ने पुलिस से मांग की है कि उक्त स्थल पर नाले का निर्माण कराया जाए, जहां जमीन पूर्व से चिन्हित है.





### बरवाअड्डा सड़क हादसे में मजदूर की मौत



**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के निरंकारी चौक के पास सोमवार की रात सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई. निरंकारी चौक के पास बायपास रोड में पैदल जा रहे मजदूर को एक पल्सर सवार ने जोरदार टक्कर मार दी. जिससे घटनास्थल पर ही मजदूर की मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच गई. दुर्घटना की जांच की जा रही है. बता दें कि इन दिनों सड़क दुर्घटना के मामलों में काफी बढ़ोतरी हो गई है. बताया जा रहा है कि मृतक सीमेंट गाड़ी में सीमेंट खाली करता था. जिसका नाम मंगरु राय बताया जाता है.

**कुष्ठ रोगी खोज अभियान**

# 2261 दल प्रतिदिन करेंगे 20-20 घरों में जांच

संवाददाता । धनबाद




राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन सभागार में मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन की अध्यक्षता में कुष्ठ रोगी खोज अभियान के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई. सिविल सर्जन ने बताया कि धनबाद जिले में कुष्ठ रोगी खोज अभियान 28 अगस्त से 13 सितम्बर 2024 तक चलाया जायेगा. जिले में लगभग 5 लाख घर है. जिसमें सहिया एवं पुरूष कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जा कर सघन जांच करेंगे. साथ ही प्रचार-प्रसार के माध्यम से कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जायेगा. उन्होंने बताया कि सहिया व पुरुष कार्यकर्ता द्वारा प्रतिदिन 20 घरों में जांच की जाएगी. जिले में सघन जांच के लिए 2261 टीम बनाई गई है. अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 444 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं. सिविल सर्जन ने बताया कि सभी प्रखंडों में कार्यरत कर्मी माइक्रोप्लान के अनुसार प्रतिदिन कार्य करेंगे. साथ ही प्रतिदिन का प्रतिवेदन प्रखंड मुख्यालय में जमा करेंगे.

# रामकनाली में बाउंड्री वॉल गिरी, दो आवास क्षतिग्रस्त

**खास बातें**

- जोरदार बारिश ने किया बुरा हाल
- मलबे में फंसे लोगों को पड़ोसियों ने निकाला
- खाद्य सामग्री समेत अन्य सामान मलबे में दबे

संवाददाता। कतरास




सोमवार को हुई लगातार बारिश से रामकनाली चेक पोस्ट के समीप परियोजना पदाधिकारी के आवास का बाउंड्री वॉल देर रात गिरने से दो एस्बेस्टस सीट का आवास क्षतिग्रस्त हो गया. जबकि एक दुधमुंहा बच्चा सहित अन्य लोग बाल बाल बच गए. घटना के बाद कमरे में फंसे गृहस्वामी सुरेश रवानी व शक्ति रवानी के परिजनों को मजदूर नेता विमलेश चौबे व स्थानीय लोगों के मदद से किसी तरह बाहर निकाला गया. जबकि गृहस्वामी का आवास में रखे सभी सामान मलबे में दब गए. मामले को लेकर गृह स्वामी सुरेश रवानी व शक्ति रवानी ने बताया कि हम लोग वर्षों से यहां रहते आ रहे हैं. लगतार हो रही बारिश से सोमवार की देर रात अचानक परियोजना पदाधिकारी के बंगले का बाउंड्री की दीवार अचानक आवास पर गिर गई. इससे आवास के अंदर ही हम लोग फंस गए. जबकि दूधमुंहा बच्चे पर दीवार का मिट्टी गिर गया. जिसमें वह दब गया. हमलोगों के शोर मचाने के बाद आवाज सुनकर आसपास के लोग जग गए और किसी तरह से आवास से उन लोगों को बाहर निकाला. घटना में खाद्य सामान सहित घर में रखे अन्य सामान मलबे में दब गए. इधर मजदूर नेता विमलेश चौबे ने बीसीसीएल एरिया चार के महाप्रबंधक से मुलाकात कर अविलंब दोनों परिवार के प्रभावितों को आवास मुहैया कराने की मांग की है.इस पर महाप्रबंधक ने सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया है. फिलहाल दोनों परिजन पड़ोसियों के यहां रात गुजारने को विवश हैं.

# झरिया-डिगवाडीह सड़क के स्पीड ब्रेकर से बढ़ा दुर्घटना का खतरा

## उपायुक्त के निर्देश के बाद भी स्पीड ब्रेकर का नहीं लगाया निशान

संवाददाता। धनबाद



झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर झरिया से डिगवाडीह तक सड़क हादसा पर अंकुश लगाने के लिए एक दर्जन से अधिक पथ निर्माण विभाग ने स्पीड ब्रेकर बनाया है. ब्रेकर बनाने का मकसद इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाना है, लेकिन स्पीड ब्रेकर बनाने के बाद सड़क पर संबंधित किसी तरह का निशान या मार्ग नहीं देने के कारण अक्सर वाहन चालक गच्चा खा जा रहे हैं, ऐसे में बाइक सवारों के गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, इस मामले में उपायुक्त का निर्देश भी अब तक खाली गया है. स्पीड ब्रेकर से सबंधित चिन्ह नहीं लगाने की लिखित शिकायत भी की बावजूद कार्रवाई नहीं हो सकी है. 22 जुलाई को धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्पीड ब्रेकर पर पेंट लगाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की और जल्द झरिया से डिगवाडीह तक बने स्पीड ब्रेकर पर पेंट लगाने का निर्देश दिया था. एक महीना बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने स्पीड ब्रेकर पर पेंट नहीं लगाया जा सका. समाजसेवी अखलाक अहमद ने कहा कि डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर पर रेडियम पेंट होनी चाहिए. ताकि रात में वाहन चलाने वाले ड्राइवर को डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर की जानकारी मिल सके. उन्होंने कहा कि फिलहाल झरिया में बने स्पीड ब्रेकर और डिवाइडर में ऐसा कोई चिंन्ह नहीं है. जिससे वाहन चालकों को रात में वाहन चलाने में काफी परेशानी हो रही है.उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभाग के अधिकारी तो उपायुक्त के निर्देश की भी उल्लंघन कर रहे हैं.

### बाघमारा अंचल कार्यालय : ऑन लाइन साइट बंद, धरना जारी

बाघमारा। बाघमारा अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले रैयतों का बेमियादी धरना मंगलवार को भी अंचल कार्यालय परिसर में जारी रहा. रैयत 09 अगस्त से लगातार अपने जमीन संबंधी ऑनलाइन त्रुटि सुधार के लिए धरना दे रहे हैं . मंगलवार को धरना का नेतृत्व कर रहे रैयत विकास कुमार रजवार ने बताया कि उसका छोटामंझीलाडीह मौजा में 7.70 एकड़ पुरखों की जमीन है, ऑनलाइन रसीद नहीं काटी जा रही है. धरना पर बैठे तो सीओ साहब बोले रसीद काट देंगे, अभी ऑनलाइन साइट बंद है. ऐसा ही समस्या अन्य रैयत का भी है. रैयत ने कहा यदि साइट बंद है और हमलोग का कार्य साइट खुलते ही इंट्री हो जाएगा तो सीओ साहब हम धरनार्थी को लिखित देंगे तभी धरना से उठेंगे. धरना में मुख्य रूप से बसंती देवी, सुलोचना देवी, मानो रजवार, सुंदरी देवी, उमेश रजवार,चंदन रजवार, सुमित्रा देवी, सहित अन्य लोग थे.

# होर्डिंग के ऊपर होर्डिंग प्रिंयका देवी के समर्थक ने खोला मोर्चा

- प्रिंयका समर्थकों ने कार्रवाई की रखी मांग

संवाददाता। धनबाद



कतरास मोड़ स्थित झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर लगी वार्ड 52 की निवर्तमान पार्षद व भाजपा की जिला मंत्री प्रिंयका देवी कुशवाहा की होर्डिंग पर भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की होर्डिंग लगने पर विवाद खड़ा हो गया है .इसे लेकर मंगलवार को पाथरडीह कल्याणेश्वर शिव मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रिंयका देवी के समर्थक शिबू गोराई ने कहा कि झरिया कतरास मोड़ पर 18 अगस्त से 7 सितंबर तक होर्डिंग की बुकिंग कराई थी. जहाँ सोमवार को रागिनी सिंह का होडिंग लगा दिया गया जो सरासर गलत है. इस मामले में भाजपा के वरीय पदाधिकारियों से हस्तक्षेप करने मांग की है.जबकि दोनों भाजपा के ही पदाधिकारी हैं. बावजूद इसके एक बैनर के ऊपर दूसरा बैनर क्यों लगाया गया.प्रेस वार्ता के माध्यम से भाजपा पदाधिकारियों से यह मांग है कि वह पार्टी में रहकर भेदभाव ना करें.अगर कोई ऐसा करता है तो पदाधिकारी उनपर कार्रवाई करें. मौके पर रुपेश कुमार, विनोद महतो, रौशन कुमार, जीतू कुमार, उज्ज्वल मंडल आदि उपस्थित थे.

# श्री कृष्णा मातृ सदन की 20 वीं वर्षगांठ

## सेवा करते-करते कब बीस साल बीत गए, पता नहीं चला : डा. झा

संवाददाता। कतरास



कतरास रानीबाजार में संचालित श्री कृष्णा मातृ सदन की 20 वीं वर्षगांठ पर सदन के समारोह हॉल में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित की गई. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ विश्वनाथ चौधरी ने संचालक डॉ शिवानी झा एवं उनकी टीम को बधाई दी. विजय कुमार झा ने उन्हें बुके भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित संचालिका डॉक्टर शिवानी झा ने कहा कि अस्पताल परिसर के सभी स्टाफ उनका परिवार है.कॉल फ़ॉर हेल्प के जरिये सभी स्टाफ एक साथ सेवा के लिये तत्पर रहती है, मुख्य संचालिका डॉक्टर झा ने कहा सेवा करते-करते 20 वर्ष गुजर गये, पता ही नहीं चला. शुरुआती दौर में जब छोटे बच्चे थे तो यह कार्य बहुत मुश्किल लगता था. समय के साथ-साथ सब ठीक हो गया. महिला मरीजों को महिला डॉक्टर से मिलने में लिए धनबाद या बाहर जाकर ईलाज करवाना पड़ता था लेकिन 20 साल से यह सुविधा कतरास के श्रीकृष्णा मातृ सदन में उपलब्ध होने से उन्हें अपनी बात खुलकर बताने का मौका मिलता है.इस अवसर पर कार्यरत सभी स्टाफ को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने सेवा परमो धर्म पर जोर देते हुए कहा कि 20 वर्षों के सफर में कई बार उतार चढ़ाव को देखते हुए श्रीकृष्णा मातृ सदन आज अपने स्थापना के 20 साल पूरा कर रही है. मौके पर पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा, डॉक्टर वी एन चौधरी, डॉक्टर नेहा प्रियदशनी, डॉक्टर धीरज चौधरी, अनुज कुमार सिन्हा उर्फ पलटू, शंकर चौहान, गौतम मंडल, बिनोद सिंह , अनंत श्रीकृष्णा, मनीषा मीनू , सात्विका झा एवं श्रीकृष्णा मातृ सदन के जयकांत प्रसाद सिंह, बिरेन्द्र कुमार, गोबिंद हाड़ी सहित अन्य मौजूद थे.

# अनुपमा ने सुनीं फुटपाथ दुकानदारों की समस्याएं

संवाददाता। निरसा बाजार



बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी व कांग्रेस के टिकट पर धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुकी अनुपमा सिंह मंगलवार को प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव के नेतृत्व में निरसा बाजार में फुटपाथ दुकानदारों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुईं. निरसा पहुंचते ही कांग्रेसी व फुटपाथ दुकानदारों ने अनुपमा को फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. दुकानदारों की समस्या व पीड़ा को सुनकर अनुपमा काफी भावुक हो गई और आश्वासन देते हुए कहा कि इस मुद्दे को लेकर वह शीघ्र ही डीसी से मिलकर निदान निकालने का प्रयास करेंगी. इसके बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय रामवृक्ष यादव के कुमारधुबी वास गई. उनके परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया. मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव, जिला सचिव अर्जुन भुईया, प्रदेश प्रतिनिधि दुर्गादास, जिला प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका, जियाउल हुसैन, दीपक कुमार मिश्रा, नंदन भईया, शशि भूषण तिवारी, एस के हुसैन, रोहित मोदी, दिनेश मोदी, राजेंद्र मोदी, आशिक अंसारी, रविंद्र यादव,वलड्डू यादव, बाबूलाल रब्बानी, लव यादव, शुभम मोदी, मनोज यादव, रंजन यादव, चंद्रभूषण कुमार, रामा रबिदास, अस्तिक आदि मौजूद थे.

**टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट**

# पुनर्वास का निर्णय जनसुनवाई के बाद

संवाददाता। धनबाद



टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रारूप पर जनसुनवाई के पश्चात निर्णय लिया जाएगा और समस्या का समाधान निकाला जाएगा. उपरोक्त निर्णय मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा, टासरा के महाप्रबंधक तथा जनप्रतिनिधियों के बीच कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में लिया गया. उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पी.एस.यू.) निर्धारित मानदंडों के आधार पर कार्य करते हैं. इसलिए टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट से संबंधित समस्या पर जनसुनवाई के बाद निर्णय लिया जाएगा. वहीं बैठक के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक शिबाराम बनर्जी तथा महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील ने परियोजना के लिए अर्जित की जा रही रैयती भूमि एवं प्रभावित परिवार के विवरण पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि रोहड़ाबांध में 1969 प्रभावित परिवार है. जिसमें 1297 टाइटल होल्डर तथा 672 नॉन टाइटल होल्डर परिवार है. जबकि टासरा में 392 प्रभावित परिवार है. इसमें 348 टाइटल होल्डर एवं 52 नॉन टाइटल होल्डर प्रभावित परिवार है. बताया कि टाइटल होल्डर को 75 वर्ग मीटर भूमि पर 50 वर्ग मीटर का 2 बीएचके मकान दिया जाएगा. 2 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के एवेज में प्रभावित कुटुंब के एक सदस्य को सेल में नियोजन या प्रति प्रभावित कुटुंब को एक मुश्त 5 लाख रुपए अथवा 20 वर्षों तक प्रतिमाह 2000 रुपए दिया जाएगा. विस्थापित कुटुंब के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन निर्वाह अनुदान के रूप में 3000 रुपए प्रति माह के हिसाब से पूरे वर्ष का एक मुश्त 36000 रूपए का भुगतान कर दिया जाएगा. इसके अलावा टाइटल होल्डर को 50000 रुपए परिवहन खर्च, यदि टाइटल होल्डर के पास पशु बड़ा या छोटी दुकान है तो उसके निर्माण के लिए 25000 रुपए, कारीगर या छोटे व्यापारियों को 25000 रुपए की वित्तीय सहायता, 50000 पुनर्व्यवस्थापन भत्ता एवं रजिस्ट्री के लिए आवश्यक स्टांप शुल्क दिया जाएगा. टाइटल होल्डर के लिए आवंटित भूमि या मकान प्रभावित कुटुंब की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम से होगा. उन्होंने बताया कि नॉन टाइटल होल्डर को भी 50 वर्ग मीटर का घर, प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जो विस्थापित हो रहे हैं, को 50000 रुपए परिवहन खर्च तथा विस्थापित परिवार को आवंटित मकान के लिए आवश्यक स्टांप शुल्क और रजिस्ट्री फीस दी जाएगी. बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखें. बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक शिबाराम बनर्जी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील के अलावा जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

# सामाजिक कुरीति के खिलाफ निकला जागरुकता वाहन

## जागरुकता वाहन को सीडीपीओ ने किया रवाना



संवाददाता। तोपचांची

मंगलवार को तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा सामाजिक कुरीति निवारण योजना को लेकर जागरूकता वाहन का रवाना किया गया. इस जागरुकता वाहन का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करना और उन्हें इन कुरीतियों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करना है. सीडीपीओ ममता साह ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा. उन्होंने कहा कि इस जागरूकता वाहन के माध्यम से हम लोगों को सामाजिक कुरीतियों के बारे में जानकारी देंगे और उन्हें इन कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करेंगे. इस जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को डायन प्रथा, सामूहिक विवाह, सामूहिक अंतिम संस्कार, भ्रुणहत्या, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें इन कुरीतियों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा.

ACADEMY
[redacted]
VI-X - (English, Social Science, Computer)
XI-XII (ARTS) - (English, History, Geography, Pol.Sc, Computers)
U.G. & P.G Courses
Honour Subjects - English, History
M.A. Subjects - English, History
IGNOU, BBMKU, VINOBA BHAVE (VBU)
By :- SONA BISWAS
M.A (ENGLISH), M.A (HISTORY), M.C.A
DOEACC('A' Level qualified) - New Delhi



चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, बुधवार 28 अगस्त 2024 भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 140 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### हाइवा में लगी आग

**पुटकी।** मुनिडीह वाशरी रोड में गोपीनाथडीह बस्ती के निकट सोमवार की आधी रात को जेएसईबी की विदयुत लाइन के सम्पर्क में आने से कोयला लदा हाइवा आग लग गयी.आग लगने से हाइवा के आठ चक्के जल गए. वाहन मालिक को घटना में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ. रात करीब 12 बजे कोयला लदा हाईवा मुनीडीह वाशरी जा रहा था. रूपेश चौक से आगे बढ़ते ही जेएसईबी की हाई टेंशन तार सटकर टूट गया व हाईवा पर गिर गया. वाहन के चालक खलासी ने कूद कर जान बचाई. घटना के वक्त वर्षा हो रही थी. इस कारण पल भर में आग ली गई.

### निदेशक कार्मिक से मिला रिटायर्ड मजदूर संघ

**धनबाद।** बीसीसीएल मुख्यालय में निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा रमैया से रिटायर्ड कोयला खदान मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्या को लेकर वार्ता की है. जिसमें बीसीसीएल में सरप्लस आवास को लीज पर आवंटित करने का मांग पत्र सौंपा गया. इसपर निदेशक कार्मिक ने जल्द मामले का निष्पादन का भरोसा दिया. रिटायर्ड कोयला खदान मजदूर संघ के नेता बिंदेश्वरी प्रसाद ने कहा कि आवास आवंटन मामला प्रमुख मुद्दा है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोल इंडिया की बैठक में इसे पारित करने पर जोड़ दिया जाएगा. बताया जाता है की बीसीसीएल में ऐसे कई आवास हैं, जो सरप्लस हैं. कंपनी ने भी इससे पहले इन सरप्लस आवास को लीज पर आवंटित करने की योजना पर विचार किया था.

### नावाडीह में जलजमाव पर विधायक गंभीर

**धनबाद।** नावाडीह 8 लेन रोड के दोनों ओर रहने वाले ग्रामीणों के घरों में बरसात के कारण हो रहे जल जमाव की समस्या के समाधान के लिए प्रभावित स्थल पर नगर निगम के इंजीनियर के साथ पहुंच कर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने निरीक्षण किया. विधायक राज सिन्हा ने बताया कि फिलहाल नगर निगम द्वारा अस्थाई समाधान कर जमे हुए जल को निकलने का प्रयास किया जा रहा है. जल्द ही समस्या का स्थाई समाधान हो इसके लिए भी प्रयासरत हैं. प्रभावित स्थल का निरीक्षण कर सम्बंधित समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त से भी मुलाक़ात कर चर्चा की.

### कोलकाता कांड के विरोध में कैंडल मार्च

**धनबाद।** कोलकाता की आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनिंग महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप एवं मर्डर मामले में आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर सोमवार धनबाद में इंक्लूसिव पिंक यानी पीएलसी से जुड़े महिलाओं और पुरुषों ने आईएसएम गेट से लेकर रणधीर वर्मा चौक तक पद यात्रा कर कैंडल मार्च निकाला. हाथों में बैनर पोस्टर के साथ प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन में प्रदर्शन में छात्र-छात्राएं, शिक्षिकाएं, गृहणी और महिलाओं के लिए काम करने वाले स्वयं सेवी संस्थाओं के महिलाएं शामिल थी. प्रदर्शन में शमिल लोगो ने नारेबाजी करने के साथ महिला सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया.

# धनबाद में वायरल फीवर का कहर, हर दिन 100 मरीज

## एसएनएमएमसीएच पहुंचने वाले 100-150 मरीजों का हो रहा ईलाज

संवाददाता। धनबाद



बदलते मौसम के बीच धनबाद में वायरल फीवर के मरीज तेजी से बढे. हैं. लगभग सभी घरों में खांसी या उसके साथ तेज बुखार व गला दर्द के रूप में वायरल फीवर पहुंच गया है. इससे हर आयु वर्ग के लोग प्रभावित हैं, सिहरन के साथ तेज बुखार, दम फूलने व गले में दर्द की शिकायत आ रही है. सरकारी अस्पतालों के साथ निजी नर्सिंग होम में बड़ी संख्या में लोग हर रोज इलाज के लिए आ रहे हैं. पिछले कुछ दिनों से अस्पताल आने वालों में 35 प्रतिशत मरीज वायरल फीवर के हैं. शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिसिन विभाग में हर रोज 300 से 400 मरीज आ रहे हैं. इसमें हर रोज 100 से 150 से अधिक बुखार से पीड़ित लोग आ रहे हैं. इनके शरीर का तापमान 100 से ऊपर रहता है. मरीज मनीष कुमार ने बताया कि पहले उनके परिवार में भाभी को तेज बुखार आया था. उन्हें डॉक्टर से दिखाने गए, तो जांच की सलाह दी. जांच रिपोर्ट में टाइफाइड पॉजिटिव पाया गया. तत्काल डॉक्टर ने उनका इलाज शुरू किया. जब तक वह ठीक हुई, परिवार की ही चाची को भी तेज बुखार आ गया. उनकी भी जांच कराने में टायफाइड पाया गया, इलाज चल रहा है. उसे भी दो दिनों से तेज बुखार आ रहा है. जांच कराई, सकून है टायफाइड नहीं निकला. लेकिन, डॉक्टर ने बताया कि आपको वायरल बुखार है. अभी परिवार में टाइफाइड और वायरल बुखार से कुल पांच लोग पीड़ित हैं. सभी का इलाज चल रहा है.

**दवा दुकानों में पारासिटामोल, एंटीबायोटिक की बिक्री बढ़ी :** वायरल फीवर बढ़ने से लोग बिना डॉक्टर की सलाह के बुखार के लिए पारासिटामोल, एजिथ्रल व एमॉक्सिसिलीन खरीदकर खा रहे हैं. एंटीएलर्जिक और कफ सिरप की भी बिक्री बढ़ गई है.

### विशेषज्ञों की सलाह

डॉ यूके ओझा ने कहा कि यह वायरल बीमारी 5-7 दिनों में ठीक हो जाती है. जांच और डॉक्टरी सलाह पर ही दवाइयां लें. सफाई का ध्यान रखें. मच्छरों से बचकर रहें. सदर अस्पताल के डॉ राकेश कुमार का कहना है कि बारिश के मौसम में पेयजल का इस्तेमाल सीधे नहीं करना चाहिए. उबालकर ठंडा कर उसे पीना चाहिए, क्योंकि ग्राउंड वाटर में कई सारे बैक्टीरिया आते हैं, जो सीधे पानी पीने से आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसके अलावा बाहर खाना-खाने से बचना चाहिए. ठेला-खोमचे और फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए.

## धनबाद में डेंगू के मामले में लगातार बढ़ोतरी, तीन नए मरीज मिले

**धनबाद।** धनबाद में डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. मंगलवार को डेंगू के तीन नए मरीज सामने आए, जिनमें से एक का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है. इससे पहले भी डेंगू के 13 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है. एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी लैब में तीनों मरीजों के रक्त की जांच की तो डेंगू पॉजिटिव निकले. जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेज दी गई है. वहीं डेंगू मरीजों के बढ़ते मामले ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है.तीनों मरीज एसएनएमएमसीएच ओपीडी में इलाज कराने आए थे, जहां जांच करने पर तीनों डेंगू पॉजिटिव निकले.

# कांग्रेस में टिकट के दावेदारों का लगा तांता

## बृजेन्द्र सिंह, जलेश्वर महतो समेत कई दिग्गजों ने दिया आवेदन

संवाददाता। धनबाद



धनबाद जिले के छह विधानसभा के लिए कांग्रेस में दावेदारों का तांता लग गया है. केवल धनबाद विधानसभा के लिए सोमवार तक कुल 33 लोगों ने दावेदारी पेश की है. सोमवार को धनबाद विधानसभा के लिए बीससूत्री उपाध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद, अभिजीत राज, प्रभात सुरोलिया, राजेश्वर सिंह यादव, रविन्द्र वर्मा, कुमार गौरव उर्फ सोनू, माधवेन्द्र उर्फ माधो सिंह, मुख्तार खान, असलम मंसूरी, मंजूर अंसारी, आशीष कुमार सिन्हा, मंटू दास, बबलू हरिजन, गंगा बाल्मीकि, करीम अंसारी, दिनेश यादव, मंटू दास एवं संभव सिंह ने जिलाध्यक्ष संतोष सिंह को आवेदन दिया. झरिया विधानसभा के लिए माधो सिंह, मुख्तार खान, अहसान खान, अनूप कुमार पांडेय ने आवेदन दिया. निरसा विधानसभा के लिए रंजीत बाउरी एवं श्यामल भंडारी ने आवेदन दिया.

बाघमारा विधानसभा के लिए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा हुसैन एवं रवि चौबे ने आवेदन किया. सिन्दरी विधानसभा के लिए अनिल साव, मसूद आलम, मोइन अंसारी एवं प्रीतम रवानी ने आवेदन किया. वहीं टुंडी विधानसभा के लिए शंकर प्रजापति एवं असत कलीम ने आवेदन किया. बता दें कि धनबाद विधानसभा के लिए 33, निरसा के लिए 7, बाघमारा के लिए 16, सिन्दरी के लिए 8, झरिया के लिए 6 एवं टुंडी विधानसभा के लिए 2 कांग्रेसियों ने अपनी दावेदारी पेश की है.

### दावेदारी करने काफिले में आ रहे रसूखदार कांग्रेसी

हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष के समक्ष विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी पेश करने के रसूखदार कांग्रेसी काफिले के साथ पहुंच रहे हैं.यहां का नजारा देखने से ही आगामी चुनाव की झलक दिख जा रही है. काफिलों के आने का सिलसिला रविवार से शुरू हुआ है. सोमवार को भी कई कांग्रेसी काफिले के साथ आकर दावेदारी पेश की.

### धनबाद विधानसभा के लिए अबतक 33 दावेदार

निरसा के लिए 7, बाघमारा के लिए 16, सिन्दरी के लिए 8, झरिया के लिए 6 एवं टुंडी विधानसभा के लिए 2 कांग्रेसियों की दावेदारी पेश.

# चनचनी कॉलोनी में सीबीआई दबिश

## कोयला कारोबारी अनिल सांवरिया के घर में चल रही छापेमारी

- आयकर आयुक्त प्रकरण से जुड़ रहे अनिल के तार

संवाददाता। धनबाद



पटना में दस लाख रुपये की रिश्वत लेने में पकड़े गए आयकर आयुक्त संतोष कुमार को दबोचे जाने के बाद सीबीआई की धनबाद में दी गई दबिश मंगलवार की देर शाम एक फिर जारी हो गई. धनबाद थाना क्षेत्र के चनचनी कालोनी निवासी अनिल सांवरिया के आवास राम निवास में सीबीआई अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की है. देर शाम आवास पहुंची टीम देर रात तक डटी थी. बताते चलें कि अनिल सांवरिया धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारियों में शामिल हैं. इनका पूरा परिवार कोयला कारोबार में जुटा है. न सिर्फ झारखंड बल्कि बंगाल में भी इस परिवार का कोयला में बड़ा नाम है और बड़ा कारोबार है. अनिल सांवरिया के घर हुई छापेमारी को भी आयकर आयुक्त प्रकरण से जोड़कर देखा जा रहा है. सीबीआई की टीम वहां दस्तावेजों को खंगाल रही है. इस मामले को लेकर कहा जा रहा है कि धनबाद में अभी दिल्ली व पटना की टीम कई अन्य लोगों को भी शिकंजे में लेगी. हालांकि पूरे मामले को लेकर सीबीआई की तरफ से कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है.

# मैथन में अपराध समीक्षा को लेकर बैठक

**मैथन।** धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दन के नेतृत्व में मंगलवार को मैथन स्थित डीवीसी चैयरमैन कैम्प हाऊस में क्राइम मिटिंग हुई. क्राइम मिटिंग में एसएसपी एचपी जनार्दन ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पिछले छह माह में हुए विभिन्न अपराधों व कार्यों की समीक्षा की. कुर्की व वारंट के निष्पादन पर विचार विमर्श किया गया. मौके पर एसएसपी जनार्दन ने बताया कि क्राइम मिटिंग में समीक्षा करने के दौरान अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए रणनीति बनाया गई. उसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया है. पुलिस पाठशाला के माध्यम से थाने की टीम स्कूल-कॉलेजों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नशाखोरी, जुआ, साइबर क्राइम आदि को लेकर लोगों खासकर युवाओं को जागरूक कर रही है. युवा भी जागरण होकर पुलिस वोलिटिंयर बन रहे हैं. उन्होंने कहा कि धनबाद पश्चिम बंगाल से सटा होने के कारण कभी बंगाल के अपराधी यहां आकर अपराध कर बंगाल भाग जाते हैं, तो कभी यहां के अपराधी बंगाल में अपराध कर यहां आ जाते हैं. इसके लिए धनबाद पुलिस बंगाल पुलिस से समन्वय स्थापित कर अपराध रोकने के लिए साथ मिलकर काम किया जा रहा है.

# न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

- जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश
- बंदियों को दी गई विभिन्न कानून की जानकारी

संवाददाता। धनबाद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन ने मंगलवार को एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट व सहायक कांउसिल के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया. न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली. स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया. कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जय डॉक्टर को दिया. वही न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन,व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया. उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा.

# चोरी नहीं रुकी तो होगा धरना शुरू

## जदयू ने किया 4 सितंबर को धरने का एलान

**खास बातें**

- दीप नारायण सिंह ने एसएसपी को लिखा पत्र

संवाददाता। तोपचांची



मंगलवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर तोपचांची थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना को रोकने की मांग की. उन्होंने चोरी की घटनाएं नहीं रुकने पर आंदोलन करने की बात कही है. दीपनारायण सिंह ने पत्र के माध्यम से कहा है कि पिछले 1 महीने में तोपचांची थाना क्षेत्र में लगभग 10 से अधिक चोरी की घटनाएं घटी है. परंतु तोपचांची पुलिस एक भी घटना की उद्भेदन नहीं कर पाई और ना ही घटना में शामिल किसी अपराधी को गिरफ्तार कर पाई है. तोपचांची थाना क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हो गए हैं. पुलिस लूट-खसोट में मस्त है और गांव के लोग चोरों के आगे पस्त हैं. ग्रामीणों का भरोसा स्थानीय पुलिस प्रशासन से दिन प्रतिदिन उठता जा रहा है. मजबूर हो कर गांव के लोग अपने संपत्ति को बचाने के लिए गांव में रतजग्गा कर रहे हैं. उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक से जल्द से जल्द टास्क फोर्स गठित कर चोरी की घटना को रोकने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है. अन्यथा लोकहित में पार्टी ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए एवं पुलिस को अपने कर्तव्य बोध कराने के लिए जदयू पार्टी दिनांक 04 सितंबर दिन बुधवार को तोपचांची थाना के समक्ष आक्रोश मार्च के साथ एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगी. मौके पर जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू नेता तारा बाबू, आदि उपस्थित थे.

# बीसीसीएल के एक दर्जन फाइनेंस अधिकारी का तबादला

## आधा दर्जन एरिया के सहायक फाइनेंस मैनेजर की पोस्टिंग

संवाददाता। धनबाद



बीसीसीएल के एक दर्जन फाइनेंस अधिकारियों का हुआ तबादला. इसको लेकर बीसीसीएल मुख्यालय के कार्मिक-अधिस्थापना विभाग द्वारा मंगलवार को आदेश जारी कर दिया गया है.

1.अनजन बिलुंग, (एएफएम सिजवा एरिया से डब्लूजे एरिया ) 2.सशांक शेखर जैसवाल (सहायक फाइनेंस प्रबंधक बस्ताकोला से ब्लॉक दो एरिया ), 3. सिकंदर ,(बीसीसीएल मुख्यालय से सहायक फाइनेंस अधिकारी बस्तकोला ), 4.जयदेव सहा, एएफ डीपी बीसीसीएल मुख्यालय बनाया गया. 5.सौरव कुमार को एएफएम डब्लू जी एरिया भेजा गया. 6.मनुराज भदानी को कुसुंडा एरिया मुख्यालय भेजा गया. 7.मनिंद्र मोहन (कतरास एरिया से सीजवा एरिया), 8.सतेंद्र कुमार ( टैक्स सेल मुख्यालय से कुसुंडा एरिया ). 9.परसंजित सिन्हा (फंड सेक्शन से बास्ताकोला एरिया), 10.आंकांशा कुमारी ( ऑडिट सेक्शन सेल्स अकाउंट मुख्यालय ). 11. प्रशांत कुमार (वाशरी डिवीजन से गोविंदपुर एरिया . 12. विकाश कुमार (बस्ताकोला एरिया से ईजे एरिया ).

**विधानसभा चुनाव**

## झरिया और सिन्दरी में भी भाजपा को प्रयोग से होगा परहेज

# क्या रागिनी और तारा का चमकेगा सितारा!

अमित सिन्हा। धनबाद

झरिया और सिन्दरी विधानसभा में भी भाजपा किसी नये प्रयोग से परहेज करेगी. झरिया से रागिनी सिंह और सिन्दरी से तारा देवी को टिकट मिलने की पूरी संभावना है. इन दोनों विधानसभा से भी भाजपा में टिकट के कई दावेदार हैं. सभी अपने अपने स्तर से जोर आजमाइश में लगे हैं यह स्वाभाविक भी है बावजूद इसके झारखंड की सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा इस बार कोई भी जोखिम भरा दांव नहीं लगाने जा रही है. पार्टी उन्हीं उम्मीदवारों पर दांव लगाएगी, जो सीट जीत कर विधानसभा का रास्ता प्रशस्त करें. ऐसे में झरिया और सिन्दरी से क्रमशः रागिनी और तारा का ही सितारा चमकने की उम्मीद है. दोनों नेत्री अपने अपने पतियों की विरासत संभाल रही हैं. रागिनी के पति संजीव सिंह हत्या के आरोप में जेल में है तो वहीं तारा देवी के पति इंद्रजीत महतो बीमार हैं. रागिनी व तारा लगातार क्षेत्र में सक्रिय होने के साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती रही हैं. लोकसभा चुनाव में भी दोनों की भागीदारी काफी ज्यादा रही. लोकसभा चुनाव में झरिया एवं सिंदरी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को बढ़त मिली है. रागिनी सिंह के देवर सिद्धार्थ गौतम के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के विरोध में होने के बावजूद रागिनी सिंह ने पूरे चुनाव में पार्टी प्रत्याशी का न केवल समर्थन किया बल्कि चुनाव में सक्रिय रहीं इसका लाभ निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव में उन्हें मिलने की उम्मीद है. भाजपा के साथ साथ दोनों के अपने जनाधार भी है. रागिनी ट्रेड यूनियन से जुड़ी हैं तो वहीं तारा निर्दलीय जिला परिषद सदस्य रह चुकी हैं.

### झरिया में कितने दावेदार



झरिया में भी भाजपा में टिकट के कई दावेदार है. झरिया विधानसभा में पूर्व मंत्री आबो देवी के देवर भाजपा नेता योगेंद्र यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार अग्रवाल भी भाजपा में बड़े नाम हैं. दोनों टिकट के दावेदार भी हैं. वहीं बात रागिनी सिंह की करें तो वह पिछले चुनाव में 12054 वोटों से पीछे रह गई थी. जबकि 2014 में उनके पति संजीव सिंह ने जीत दर्ज की थी. 2019 से रागिनी लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं.

### सिन्दरी में कितने दावेदार



सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र से भी भाजपा में कई दावेदार हैं. जिनमें नानादलाल अग्रवाल, धर्मजीत सिंह व घनश्याम ग्रोवर प्रमुख नाम है. सिन्दरी विधानसभा विधायक इंद्रजीत स्थानीय के साथ ओबीसी वर्ग से आते हैं. जिनकी संख्या क्षेत्र में सबसे ज्यादा हैं. पिछले चार साल से इंद्रजीत महतो बीमार हैं. ऐसे में उनकी पत्नी तारा देवी ने अपना पूरा समय क्षेत्र में दिया है. चूंकि तारा देवी के अलावा स्थानीय ओबीसी से कोई दूसरा बड़ा चेहरा पार्टी के पास नहीं है. इसलिए पार्टी एक्सपेरिमेंट कर कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहेगी. सिन्दरी विधानसभा से तारा देवी को टिकट मिलने की संभावना प्रबल है.

# आयुष्मान पर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज नहीं करने की डीसी से शिकायत

संवाददाता। धनबाद



मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पास आयुष्मान कार्ड है. फिर भी एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा उनका इलाज नहीं किया जा रहा है. मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन को इस दिशा में उचित कदम उठाने का निर्देश दिया.

गोविंदपुर से आए युवक ने उपायुक्त को बताया कि 2017 में एनएच 2 के लिए उनकी जमीन का अधिग्रहण हुआ.अधिग्रहण के बाद घर भी तोड़ दिया. जब उन्होंने मुआवजा मांगा तो जमीन गैर आबाद बताकर मुआवजा नहीं दिया. जबकि उसी खाता और प्लॉट नंबर के दूसरे रैयतों को मुआवजा मिला. मुआवजा के लिए सारे कागजात दोबारा जमा करने पर गोविंदपुर अंचल कार्यालय के अमीन ने कहा कि उनके कागज खो गए हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने तुरंत जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को शिकायतकर्ता के कागजात की जांच करने और यदि कागजात सही है तो शीघ्र मुआवजा का भुगतान कराने का निर्देश दिया. जनता दरबार में नावाडीह पंचायत स्थित नंदन रेजिडेंसी फेज 1, 2 और 3 के निवासियों ने भी जल जमाव की परेशानी की शिकायत उपायुक्त से की. उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान बेसमेंट, आने-जाने के रास्ते सहित पूरे परिसर में पानी भर जाता है. इस कारण वहां के निवासियों और बच्चों को स्कूल आने जाने में भारी कठिनाई हो रही है. यह समस्या पिछले 2 साल से उत्पन्न हो रही है. पूरा इलाका टापू बन जाता है. इसके अलावा जनता दरबार में इलाज के लिए सहायता प्रदान करने, ऑनलाइन रसीद नहीं कटने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई.

## ब्रीफ खबरें

### अरसद ने कांग्रेस से चुनाव लड़ने की जतायी इच्छा



**टुंडी।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा अरसद कलीम ने जतायी है. अरसद टुंडी प्रखंड के कोटालडीह गांव का निवासी है. उन्होंने कांग्रेस धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष सिंह से मंगलवार को मुलाकात कर पत्र सौंपा. अरसद कलीम के पिता इनायत कलीम पिछले 50वर्षो से कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं. कांग्रेस की टिकट पर वे 1995 में चुनाव भी लड़े थे.

### दो-दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**टुंडी।** टुंडी के फतेहपुर गांव में आयोजित दो-दिवसीय दिवा-रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट में लगभग 30 गांवों के दर्शक उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट में धनबाद और गिरिडीह क्षेत्र की 98 टीमों ने भाग लिया। अंतिम मुकाबले में हरलाडीह और विशनपुर टीमों के बीच पेनल्टी शूटआउट में हरलाडीह टीम ने 2-0 से जीत हासिल की।
मुख्य अतिथि झामुमो नेता रतिलाल टुडू ने विजेता टीम को 15,000 रुपये, दूसरे स्थान पर रही टीम को 10,000 रुपये, तीसरे स्थान पर रही टीम को 7,000 रुपये और चौथे स्थान पर रही टीम को 5,000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया।

### एनसीपी जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय महासचिव को सौंपा ज्ञापन

**निरसा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के धनबाद जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एसआर कोहली को ज्ञापन सौंपा. सात सूत्री ज्ञापन में आसनसोल रेल मंडल के थापरनगर स्टेशन का सौंदर्यीकरण समेत पटना-धनबाद इंटरसिटी, दुमका-रांची इंटरसिटी और देवघर-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग से रेल मंत्री को अवगत कराने का जिक्र है. ज्ञापन सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष ने बताया कि पत्राचार के बाद रेल मंत्री से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी.

# भारी बारिश से मिट्टी का घर गिरा बाल-बाल बचा परिवार



### परिजनों ने 2023 में पीएम आवास के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई



**खास बातें**
- घर में रखा सारा सामान मिट्टी में दबा

**संवाददाता। मैथन**

मैथन के रांगामटिया पंचायत के हड़कतोड़िया गांव में सोमवार की रात भारी बारिश के कारण बीना देवी का मिट्टी का घर ढह गया। धनंजय मंडल, बीना देवी और उनकी दो बेटियां इस घर में रहते थे, जो बाल-बाल बच गए। घर में रखा सारा सामान मिट्टी में दब गया है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने 2023 दिसंबर में पीएम आवास के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। धनंजय मंडल की मां के नाम पीएम आवास मिला है, लेकिन उसमें दो कमरों में छह लोग रहते हैं। गरीब और मजदूरी करके गुजर-बसर करने वाले परिवार का आशियाना उजड़ जाने से मुसीबत बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि आवास योजना का लाभ मिल जाने से बरसात के समय में मुसीबत से बचा जा सकता है। धनंजय मंडल ने घटना की सूचना पंचायत के मुखिया और स्थानीय वार्ड सदस्य को दी है।

## चिरकुंडा में लोयोला स्कूल में मेहंदी विवाद

# एनएसयूआई ने किया घेराव, प्रबंधन ने आरोपों से किया साफ इनकार

**खास बातें**
- पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और छात्र नेताओं को चेतावनी दी



**संवाददाता। चिरकुंडा**

चिरकुंडा में लोयोला स्कूल में छात्रों के साथ मेहंदी लगाने के विरोध का मामला तूल पकड़ गया है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी के नेतृत्व में छात्र नेता स्कूल पहुंचे और प्राचार्य से मिलकर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन छात्रों को मेहंदी और टीका लगाने से रोकता है और दंडित करता है। स्कूल के प्राचार्य फादर जॉनी पी देवासिया ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने छात्र नेताओं को चुनौती दी कि अगर किसी छात्र के साथ ऐसा हुआ है तो वे सामने आएं और अपनी बात रखें। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और छात्र नेताओं को चेतावनी दी। प्राचार्य ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बच्चों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है और वे ऐसा कुछ नहीं करेंगे जिससे बच्चों पर असर पड़े। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली थी और वे छात्रों के लिए पहुंचे थे। प्राचार्य के आश्वासन के बाद वे संतुष्ट हो गए हैं और उनकी शिकायत दूर हो गई है।

# जामाडोबा टाटा स्टील में सर दोराबजी की मनाई गई जयंती

### उनके विजन और मूल्यों से सीख लेने का आग्रह

**खास बातें**
- 1924 में किया था पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम को वित्तपोषित



**संवाददाता। धनबाद**

**धनबाद।** जामाडोबा स्थित टाटा स्टील के झरिया डिवीजन में मंगलवार को अपने पहले चेयरमैन सर दोराबजी टाटा की 165 वीं जयंती मनाई गई. श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सर दोराबजी टाटा पार्क में किया गया था. इस अवसर पर टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए. संजय राजोरिया ने सर दोराबजी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों से उनके विजन और मूल्यों से सीख लेने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि सर दोराबजी को खेलों से बेहद लगाव था. भारत में ओलंपिक खेल के वे अग्रणी थे. भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 1924 में पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम को वित्तपोषित किया था. मौके पर नरेंद्र कुमार गुप्ता चीफ जामाडोबा ग्रुप, पंकज दास हेड एचआरबीपी, वरुण बनर्जी हेड सेफ्टी, श्वेता मिश्रा हेड एडमिनिस्ट्रेशन, कौशिक गायेन हेड प्लानिंग, अमन हेड इंजीनियरिंग सर्विसेज, संतोष महतो रीजनल सेक्रेटरी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कई पदाधिकारी और टाटा स्टील के कर्मी उपस्थित थे.

# निशिकांत दुबे का हुआ पुतला दहन

### निशिकांत दुबे का आरोप निराधार और झूठ का पुलिंदा : विशाल कुमार

**खास बातें**
- पिछले विधानसभा चुनाव में दुबे ने जरमुंडी और महगामा में भाजपा के खिलाफ काम किया था : मुरारी गुप्ता



**संवाददाता। धनबाद**

धनबादः गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को झारखण्ड की वास्तविकता,की कोई जानकारी नहीं है और ना यहां के संस्कृति के बारे में उन्हें मालूम है राजेन्द्र प्रसाद झारखण्ड आन्दोलनकारी हैं, राज्य के लिए इनका बड़ा योगदान है वे हमारे अधिकारों को लेकर लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं।
उक्त बातें आज मूलवासी सदान मोर्चा रांची जिला के अध्यक्ष मुरारी गुप्ता ने निशिकांत दुबे ,सांसद के पुतला दहन करते हुए कही। कहा
गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, मूलवासी सदान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के उपर यह आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में गोड्डा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, को चुनाव हराने में एड़ी- छोटी एक कर दिया था। जबकि नरेंद्र मोदी गोड्डा से कभी चुनाव नहीं लड़े हैं। गुप्ता ने कहा राजेन्द्र प्रसाद जी गोड्डा में किसी भी प्रत्याशी के समर्थन में कोई बयान तक नहीं दिया है। श्री गुप्ता ने बताया बल्कि सांसद के उपर आरोप है कि पिछले विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस प्रत्याशी को जरमुंडी और महागामा में चुनाव जितवाने में लगे थे। निशिकांत दुबे के द्वारा राजेन्द्र प्रसाद के लिए अमर्यादित और झुठा बयान का मूलवासी सदान मोर्चा ,तेली समाज व ओबीसी समाज घोर विरोध एवं निन्दा करता है। श्री गुप्ता ने कहा कोई भी व्यक्ति पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों का अपमान करेगा उस व्यक्ति का मूलवासी सदान विरोध करेगा।
झारखण्ड में मूलवासी सदानों की आबादी 65% है जिसमें 55% ओबीसी हैं।मूलवासी सदान कोई जाति नहीं एक जमात है। जिसमें अगड़ी, पिछड़ी, दलित सभी झारखण्डी आते हैं।इस जमात का नेतृत्व राजेन्द्र प्रसाद जी ,करते हैं राजेन्द्र प्रसाद पिछड़ी जाति से आते हैं और वे पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस पर हमलोगों को राजेन्द्र प्रसाद पर गर्व है। श्री गुप्ता ने कहा निशिकांत दुबे ने ओबीसी, दलितों को अपमानित करना नहीं छोड़ा, तो इसका खमियाजा भाजपा को पड़ सकता है कहा कि तेली समाज के उत्थान और राजनीतिक भागीदारी के विषय पर मुख्य अतिथि के रूप शामिल होने के लिए तेली समाज की ओर से राजेंद्र प्रसाद जी,को आमंत्रित किया गया था। लेकिन श्री निशिकांत दुबे नहीं चाहते हैं कोई ओबीसी और मूलवासी सदान को राजनीतिक भागीदारी मिले और ओबीसी समाज विकास की ओर अग्रसर हो। कहा निशिकांत दुबे सामंतवादी विचारधारा के व्यक्ति हैं। कहा निशान दुबे ओबीसी दलित वंचित मूलवासी सदानों को हमेशा अपमानित करता है।

## आसनसोल

# बारिश के कारण पुरुलिया-बांकुड़ा राजमार्ग हुआ बंद, लोग परेशान

### समाधान की मांग को लेकर दर्जनों लोगों ने की सड़क जाम

**खास बातें**
- बीडीओ के हस्तक्षेप से सड़क जाम हटा



**संवाददाता। पुरुलिया**

हल्की बारिश में पुरुलिया-बांकुड़ा की 60 ए राष्ट्रीय राजमार्ग जलमग्न होने के कारण पुरुलिया शहर के रेनी रोड और देवी मेला क्षेत्र में सड़क जाम की गई। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों की शिकायतों के अनुसार समस्या के स्थाई समाधान की मांग को लेकर दर्जनों लोगों ने सड़क जाम किया। लोगों ने आरोप लगाया कि इस समस्या के कारण उन्हें लंबे समय तक इस स्थिति से जूझना पड़ता है। उनकी आगे की शिकायतों को बार-बार नगर पालिका से लेकर पीएचई और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तक पहुंचाया गया, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ। पिछले कुछ वर्षों से सड़क की यही स्थिति बनी हुई है, इसलिए कोई समाधान नहीं होने पर सोमवार को सड़क जाम करने पर मजबूर हुए हैं। हालांकि मौके पर पुलिस पहुंच कर उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे लोग नहीं माने। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगों का स्थाई समाधान नहीं हो जाता तब तक वे लोग डंटे रहेंगे। इस बीच बीडीओ के हस्तक्षेप से सड़क जाम हटा दी गई। इस बीच नगर पालिका चेयरमैन नबेंदु महाली ने कहा कि इस पर ध्यान देना राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का कर्तव्य है। लेकिन उनके कोई रास्ता दिखाए बिना ही यह स्थिति हो गई है। उन्होंने कहा कि आज हमने लोगों के साथ मिलकर नालों की सफाई की है और पानी निकलने से स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन एनएच अधिकारियों को समस्या का स्थाई समाधान करना होगा।

### सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई



**रानीगंज।** रानीगंज में श्री दुर्गा विद्यालय परिसर में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया। इस शिविर में ऑक्सीजन लेवल जांच, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई जांच जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। सुभदर्शनी अस्पताल के इमरजेंसी विभाग के प्रमुख डॉ सुनील चौधरी और उनके सहयोगियों ने इस शिविर का आयोजन किया। श्री दुर्गा विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप राठौर ने मेडिकल अधिकारियों को पुष्प देकर उनका सम्मान किया और कहा कि रानीगंज शहर में सुभादर्शनी हॉस्पिटल के खुलने से अब और लोगों को स्वास्थ्य के लिए दूसरे राज्य इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर मानव अधिकार आयोग के अधिकारी मोहम्मद जाकिर, श्री श्याम मंदिर के कार्यकर्ता शरद जगनानी, सामाजिक कार्यकर्ता विजय साव सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# सांकतोड़िया में जमीन के बदले नौकरी की मांग पर परिवार सहित आमरण अनशन

### ईसीएल प्रबंधन पर आरोप, जमीन ली पर नौकरी नहीं दी

**ईसीएल के एनसीडब्ल्यूए प्रावधान के तहत 2 एकड़ या उससे अधिक जमीन देने पर होता है नौकरी पाने का अधिकार**



**संवाददाता। सांकतोड़िया**

सांकतोड़िया के बारुई पाड़ा निवासी रामजीवन दास ने अपने परिवार के साथ मंगलवार को दुबेश्वरी कोलियरी रेजिंग घर के सामने आमरण अनशन शुरू किया है। उन्होंने ईसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि बिना सहमति के उनकी 2 एकड़ 8 डिसिमल जमीन ले ली गई और अब तक नौकरी या क्षतिपूर्ति नहीं दी गई है। रामजीवन दास ने बताया कि ईसीएल प्रबंधन ने 2014 में उनकी जमीन ली थी, जहां से अभी भी कोयला निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईसीएल के एनसीडब्ल्यूए प्राविधान के तहत 2 एकड़ या अधिक जमीन देने पर नौकरी पाने का अधिकार होता है, लेकिन उन्हें अब तक कोई नौकरी या क्षतिपूर्ति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि दुबेश्वरी कोलियरी पैनल-6 अंतिम चरण में है और उन्होंने कई अधिकारियों को आवेदन भेजा है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वे 2014 से नौकरी की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कंपनी ने कोई ध्यान नहीं दिया है। इसलिए वे परिवार सहित आमरण अनशन को बाध्य हुए हैं। इस मामले में उन्होंने कई अधिकारियों को आवेदन की प्रतिलिपि भेजी है, जिनमें दुबेश्वरी कोलियरी के प्रबंधक, सोदपुर एरिया महाप्रबंधक, नितुरिया थाना प्रभारी, रघुनाथपुर एसडीओ, नितुरिया बीडीओ, डीएम पुरुलिया, ईसीएल सीएमडी सांकतोड़िया,

# केकेएससी महासचिव की महाप्रबंधक के साथ बैठक



**संवाददाता। बराकर**

बराकर में बीसीसीएल सीवी एरिया बारह के दामागोड़िया विस्थापितों को जमीन के बदले मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर तृणमूल के विधायक और केकेएससी के महासचिव हरेराम सिंह ने बीसीसीएल एरिया महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद के साथ बैठक की। बैठक में हरेराम सिंह ने कहा कि 6 साल पहले दामागोड़िया कोलियरी में प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए कई विस्थापितों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, लेकिन अभी तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सभी विस्थापितों के जमीन का रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने आश्वासन दिया कि जिस जमीन के कागजात सही हैं, उस जमीन का रजिस्ट्रेशन शीघ्र कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में तृणमूल यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुब्रतो भादुड़ी, विप्लव मंडल और एरिया कार्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा काफी संख्या में विस्थापितों ने भाग लिया।

### लाखों रुपये की चोरी जांच में जुटी पुलिस

**सालानपुर** ।कुल्टी थाना क्षेत्र के चौरंगी चौकी अंतर्गत कल्याणेश्वरी में ऑर्क टेलीकॉम एंड स्टूडियो में रविवार की रात चोरी की घटना हुई है ।जहा लाखो रुपये के कीमती सामान चोर ले उड़े ।सूचना पाकर चौरंगी चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज जुटाकर जांच शुरू कर दी है ।इस दौरान दुकान के मालिक जयंत सेन ने बताया कि तबीयत ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने रविवार शाम को दुकान नहीं खोली ।सोमवार की सुबह दुकान खोलकर देखा तो दुकान का सामान बिखरा हुआ था और सारे महंगे सामान गायब हैं । इस चोरी की घटना से उन्हें काफी नुकसान हुआ है ।उन्होंने बताया कि चोरों ने दुकान की छत काट दी और महंगे मोबाइल फोन, कैमरे, हेडफोन, सिम कार्ड, लैपटॉप और कई अन्य चीजें चुरा लीं ।उन्होंने यह भी कहा कि चोर उनके मोबाइल फोन में सिम कार्ड का उपयोग कर रहे थे ।

# कांग्रेस सेवादल ने सुकांत दास को निलंबित किया



**संवाददाता। सांकतोड़िया**

कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष और हाईकमान ने पार्टी के विरोध में काम करने वालों के विरोध सख्त निर्देश दिया है। इसी क्रम में, मंगलवार को एक सम्मेलन के माध्यम से कुल्टी ब्लॉक सेवादल के अध्यक्ष मनीष बर्णवाल ने सुकांत दास को पार्टी से तथा प्रखंड अध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया है। दरअसल, 15 अगस्त को कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की तस्वीरें व्हाट्सएप ग्रुप से हटा दी गईं थीं। इसके अलावा, 20 अगस्त को शहीद राजीव गांधी की जयंती मनाने के दौरान स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीरें भी व्हाट्सएप ग्रुप से हटा दी गईं थीं। कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष मनीष वर्णवाल ने इन मुद्दों से जिला व आलाकमान को अवगत कराया और कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियां करने वालों को सीधे पार्टी से निष्कासित कर देना चाहिए। उसी आदेश के तहत सुकांत दास को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

# डॉक्टर की हत्या के विरोध में भाजपा का आज 12 घंटे का बंगाल बंद

**संवाददाता। बराकर**



**बराकर।** कोलकात्ता आरजी कर मेडिकल अस्पताल में महिला चिकित्सक की जघन्य हत्या के विरोध में आज बुधवार को प्रदेश भाजपा द्वारा 12 घंटा बंगाल बंद का आह्वान , इस दौरान मंगलवार को पश्चिम बंगाल राज्य के छात्र छात्राओ द्वारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के नवान्न घेराव किया गया, इस घेराव में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुवे, जहा प्रदर्शन कारियो के उपर लाठी चार्ज ,आशु गैस, पानी की बौछार से कई लोग बुरी तरह घायल हुवे, इसी क्रम में छात्र के द्वारा ईट पत्थर की बौछार से कई पुलिस गंभीर रूप से घायल हुए, छात्र द्वारा किए गए आनोदोलन को बर्बरता पूर्ण दबाने के लिए पुलिस ने बर्बरता पूर्ण कार्य किया, इसके विरोध में कुल्टी ब्लॉक भाजपा द्वारा कुल्टी सकतोड़िया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगला बंद को लेकर जुलुश निकाल आम लोगो को बंद सफल बनाने का आह्वान किया, इस दौरान भाजपा जिला के प्रवक्ता उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद बप्पा आचार्य ने पूरे छेत्र में अपने समर्थकों को साथ लेकर आम जन मानस से सामूहिक अपिल की , सभी इस जघन्य हत्या मां बेटी की इज्जत को सारे आम लूटने से बचाने के लिए इस सरकार को तड़ी पार कर बंद को सफल बनाकर इसका माकुल जवान दे।

▼ ब्रीफ खबरें

## एक ही रात तीन दुकानों में चोरी

**बोकारो।** चास थाना अंतर्गत जोधाडीह मोड़ में चोरों ने तीन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया. जिसमें जोधाडीह स्थित विजय हार्डवेयर, माहेश्वरी ब्रदर्स, हिना फर्नीचर के छत के सीट काट कर उसमे रखे गये हजारों की कीमत का सामानों की चोरी कर ली. दुकानदारों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी है, पुलिस जांच में जुट गई है.

## पांच सौ महिलाएं दुमका रवाना

**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड से दुमका जिला में प्रस्तावित प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को तालझारी प्रखंड से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लगभग पांच सौ लाभुकों को दस बस से दुमका कार्यक्रम में भेजा गया. बीडीओ के नेतृत्व में पंचायती राज पदाधिकारी परमेश्वर किस्कू ने प्रखंड के 13 पंचायतों से लगभग पांच सौ झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को दस बस के द्वारा सुबह 5 बजे प्रखंड परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.

## वाहन जांच अभियान चलाया गया

**साहिबगंज।** मंगलबार को जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप के नेतृत्व में नगर थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया. जांच के क्रम मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर, पिकअप जैसी वाहनों का लाइसेंस, इंश्योरेंस, फिटनेस, टैक्स, हेलमेट, सीट बेल्ट आदि की जांच की गई एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंड शुल्क वसूली गई. इस जांच के क्रम में कुल 26 मोटरसाइकिल, टोटो, 4 वाहनों के ऊपर जांच की गई. जिसमें सभी 26 वाहनों से 26650 रुपया जुर्माना वसूला गया. इस मौके पर मौजूद जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, आईटी सहायक राजहंस, कंप्यूटर सहायक अमन कुमार एवं नगर थाना के पुलिस कर्मी, एएसआई एवं पुलिस बल मौजूद थे.

## जल सहिया के बीच पोशाक वितरण

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रमुख सविता टुडू की अध्यक्षता में जल सहिया के बीच साड़ी का वितरण किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से पालगंज पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र तिवारी, खुखरा पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, चिलगा पंचायत समिति सदस्य नवीन सिंह एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित हुए. इस दौरान कुल 81 जल सहिया के बीच पोशाक का वितरण किया गया. जिसमें जल सहियाओं को 2-2 साड़ी दिया गया. यहां यह बता दें कि इस प्रखंड में कुल 195 जल सहियाओं को साड़ी वितरण किया जाना है. जिसमें मंगलवार को 81 जल सहियाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया. इस दौरान प्रमुख सविता टुडू ने कहा कि पोशाक वितरण के बाद सभी जल सहिया पोशाक पहनके काम करेगी तो इसे पता चलेगा कि यह जल सहिया है. इस दौरान गिरीश कुमार, मोनिका कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे.

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त विजया जाधव ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की. आयोजित जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 30 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया. साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया. इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन उपायुक्त द्वारा किया गया. जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, अबुआ आवास, राजस्व संबंधित विवाद, श्रम विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे. मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.

# मुखिया संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

संवाददाता। कसमार (बोकारो)



केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य वित्त आयोग का गठन कर पंचायतों को मद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार से कसमार प्रखंड मुखिया संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है. इस संबंध में मुखिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को संबोधित मांग पत्र जानकारी प्रखंड कार्यालय को सौंपा. प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष हारू रजवार ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के बाद पंचायत के तमाम बाधित रहेंगे. बता दें कि राज्य वित्त आयोग की मांग को लेकर पूरे राज्य भर के पंचायत के मुखिया अनिश्चितकालीन धरना पर जा रहे हैं. वहीं रांची स्थित जाकिर हुसैन पार्क (राजभवन) के पास भी झारखंड राज्य मुखिया संघ के लोग शांतिपूर्ण तरीके से धरना पर डटे हैं. बताया गया कि इस संबंध में राज्य सरकार को पिछले 24 एवं 29 जुलाई को राज्य मुखिया संघ द्वारा मांग सौंपा गया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात एवं वार्ता हेतु 20 अगस्त को समय मांगा गया था, परंतु सरकार की कोई सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण सभी मुखियागण नाराज हैं. विवश होकर अब अनिश्चितकालीन धरने पर जा रहे हैं.

इस दौरान मुखिया हारू रजवार, सुमित्रा कुमारी, गीता देवी, परीपुषा कुमारी, विजय जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ महतो, घनश्याम महतो, मनोज महतो आदि मौजूद थे.

### धरना में भाग लेने सभी मुखिया रांची रवाना



**तिसरी (गिरिडीह)।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरने पर हैं. इसको लेकर मंगलवार को तिसरी मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष पिंकेश सिंह के नेतृत्व में मो. हासिमुद्दीन, मुखिया प्रतिनिधि मदन यादव, मोहन मरांडी समेत 15 पंचायतों के मुखिया रांची के लिए रवाना हो गए. बताया गया कि मुखिया संघ लगातार सरकार से राज्य वित्त आयोग की राशि उपलब्ध कराने की मांग कर रही है, इसके बावजूद उनकी मांगों पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया. अंततः राज्य भर के मुखिया झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के बैनर तले अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर रांची स्थित जाकिर हुसैन पार्क (राजभवन) के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं. बता दें कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के धरने से पूरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर के कार्य प्रभावित रहेंगे. मनरेगा, 15 वीं वित्त, ग्राम सभा, ग्राम पंचायत की बैठकें समेत अन्य कार्य प्रभावित होने से लोगों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. ग्रामीण इलाकों में इसका खासा असर देखने को मिल सकता है.

## मेडिकेंट अस्पताल ने कॉलोनी में छोड़ा हॉस्पिटल का पानी

**बोकारो।** मंगलवार सुबह सेक्टर बारह, हाईवे स्थित मेडिकेंट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने अपने पिछले गेट से हॉस्पिटल की कई गैलन पानी को रिहाईशी कॉलोनी में छोड़ दिया. जिससे कुछ समय के लिए बाढ़ सी स्थिति बन गई और यहां के निवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया. करोड़ों की लागत से निर्मित मेडिकेंट अस्पताल में जल निकासी की व्यवस्था पर ये सवाल खड़ा करता है. इसके पहले अस्पताल में आग लगने की दो बार घटना घटित हो चुकी है. दोनों बार दमकल ने आकर आग को बुझाया और कोई बड़ी घटना होने से टल गई. अस्पताल प्रबंधन यदि समय रहते सुरक्षा, जल निकासी आदि को संदर्भ में पुख्ता व्यवस्था नहीं करती है तो भविष्य में किसी बड़े घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है. वैसे भी रिहायशी इलाके में कैंसर हॉस्पिटल का होना अपने आप में सवाल खड़ा करता है.

## 25 दिव्यांग बच्चों को मिला व्हील चेयर



**गिरिडीह।** झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से मंगलवार को गिरिडीह समाहरणालय परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए मेगा शिविर लगाया गया. शिविर में प्रखंडों से आए 25 दिव्यांग बच्चों के बीच व्हील चेयर का वितरण किया गया. वहीं, 15 बच्चों को यूडीआईडी प्रमाणपत्र दिया गया. मेगा शिविर का उद्देश्य दियांग बच्चों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना था. शिविर में गिरिडीह के सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा, डालसा सचिव, डीईओ, डीएसई, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, नीति आयोग के ब्लॉक फेलो, डीसीपीयू काउंसिलर आदि उपस्थित थे.

## माले ने मृतक के परिजनों को दिया आर्थिक सहयोग

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित सेरुआ पंचायत के मध्य विद्यालय चेरवा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. ग्राम सभा में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया. मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. ग्राम सभा में विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण को रोक दिए जाने के विवाद को सलटाया गया . चाहरदीवारी निर्माण का कुछ लोगों द्वारा विरोध के कारण नहीं बन पा रहा था . ग्रामीणों ने गांव में विद्यालयों की खराब स्थिति, आंगनबाड़ी की लगातार नहीं खुलने आदि की भी शिकायत की. पूर्व विधायक ने आश्वासन दिया कि मामले को ले वे पदाधिकारियों से बात करेंगे. चेरवा गांव में डायरिया से एक व्यक्ति की मौत व कई लोगों के आक्रांत रहने पर चिंता व्यक्त किया गया. उक्त गांव में डायरिया से 65 वर्षीय दासो महतो की मौत हो गई थी. पूर्व विधायक मृतक के परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया, वहीं आर्थिक सहयोग भी किया.

# नक्सली संगठन में संलिप्त एक अभियुक्त गिरफ्तार



संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी थाना अंतर्गत कल्हाबाद में वर्ष 2020 में निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज को लेकर नक्सलियों द्वारा लेवी मांगा गया था लेकिन लेवी नहीं मिलने के कारण नक्सली संगठन द्वारा उस डिग्री कॉलेज में निर्माण कार्य में प्रयोग में लाये जा रहे जेसीबी एवं मिक्सर वाहन में आग लगा दिया था. घटना को लेकर डुमरी थाना में कांड दर्ज हुआ था. उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी किया जा रहा था. उसी के आलोक में एसपी गिरिडीह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निर्देशानुसार एएसपी अभियान सह पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-2 एवं एसडीपीओ डुमरी के नेतृत्व में डुमरी थाना एवं निमियांघाट थाना के द्वारा उक्त घटना में संलिप्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त सोनाराम हेम्ब्रम (55 वर्ष), पिता स्व ननकु मांझी, ग्राम बन्दखारो, थाना निमियाघाट को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया . उक्त अभियुक्त ने इस कांड के अलावे अन्य घटना में भी संलिप्त होना बताया है. गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास भी है.

### नकली नोट के साथ एक धराया, गया जेल



**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना पुलिस ने सोमवार देर शाम उत्तरी बेगमगंज स्थित बेलमोड़ से कबीरटोला गांव के रिंटु शेख़ को पांच नक़ली नोट के साथ गिरफ्तार किया है. उसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. इस संबंध में मंगलवार को राधानगर थाना में राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बेलमोड़ स्थित एक विदेशी शराब दुकान में उक्त नोटों को खपाने का प्रयास कर रहा था कि दुकानदार ने पकड़ कर इसकी सूचना पुलिस को दी. वहीं इसकी सूचना तुरंत वरीय पदाधिकारी को दी गई. त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई जय बहादुर सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर उक्त व्यक्ति की तलाशी लेकर गहन पूछताछ की. इस दौरान उनके पास से पांच सौ रुपए के तीन जाली नोट व एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया. एसडीपीओ ने बताया कि उसके घर में छापेमारी के दौरान पांच सौ रुपए के और दो जाली नोट बरामद किया गया. साथ ही बताया कि उनके पास से पांच सौ रुपए के कुल पांच जाली नोट बरामद किया गया है, जिसमें से चार जाली नोट पर एक ही संख्या अंकित है. एसडीपीओ ने बताया कि उनके विरुद्ध थाना में कांड संख्या 132/24 के तहत केस दर्ज कर अनुसंधान जारी है.

## जंगली हाथियों का उत्पात, दो ग्रामीण बचे

**कसमार (बोकारो)।** कसमार व जरीडीह प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात फिर शुरू हो गया है. हाथियों का झुंड सोमवार की रात कसमार प्रखंड के मुरहुल गांव में घुस गया. हाथियों ने गांव के नेहरू महतो, रिखीलाल महतो, जगदीश महतो, प्यारेलाल महतो व चंद्रशेखर महतो तथा पाड़ी गांव के गंगाधर महतो के खेत में लगी मकई की फसल रौंदकर नष्ट कर दी. बताया गया कि खैराचातर बाजार से घर लौट रहे जुमरा गांव के दो ग्रामीण हाथियों की चपेट में आने से बाल-बाल बच गये. जुमरा से थोड़ा पहले सिमल पेड़ के पास एक हाथी बैठा था. बाइक सवार दोनों ग्रामीणों की नजर जैसे ही हाथी पर पड़ी, वे जान बचाकर भाग निकले. जानकारी के अनुसार, रविवार की रात भी जंगली हाथियों ने मुरहुलसुदी पंचायत के भुरसाटांड़ निवासी दुर्जन गंझू, बिहारी गंझू, सुखराम गंझू व काशीनाथ गंझू की मकई व धान की फसल बर्बाद कर दी थी. वन सुरक्षा समिति के कसमार प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश कुमार महतो आदि ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी. इसके बाद वन कर्मियों ने गांव पहुंचकर क्षति का जायजा लिया. ग्रामीणों ने बताया इन दिनों इलाके में बिजली की आपूर्ति बाधित रहने से जंगली हाथी गांव में प्रवेश कर जा रहे हैं.

## व्यावसायिक शिक्षकों की हड़ताल आठवें दिन भी जारी

**गोड्डा।** जिले के सभी प्लस टू उच्च विद्यालय में व्यवसायिक प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत 42 शिक्षकों की हड़ताल आज आठवें दिन भी जारी रहा. तीन सूत्री मांगों को लेकर व्यावसायिक शिक्षक पिछले 20 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. हड़ताल की वजह से गोड्डा जिले के सभी प्लस टू स्कूलों में पढ़ाई बाधित हो रही है. जिसका असर आने वाले वार्षिक परीक्षा में दिखेगी. व्यवसायिक प्रशिक्षकों की प्रमुख मांग में ठेका प्रथा से मुक्त कर विभाग में समायोजन करना तथा नियमानुसार समय पर वेतन वृद्धि की मांग सरकार से कर रहे हैं. व्यवसायिक प्रशिक्षकों ने बीते 22 अगस्त को जेईपीसी भवन का घेराव किया और अधिकारियों से वार्ता किया लेकिन कोई निष्कर्ष अभी तक नहीं निकला. इन सभी मांगों को लेकर व्यवसायिक प्रशिक्षकों की हड़ताल अभी भी जारी है. हड़ताल पर चले जाने के कारण जिला के सभी प्लस टू विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों का पठन पठान पूरी तरह ठप्प है. बड़ी संख्या में बच्चे प्रभावित हो रहे हैं. संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पंडित ने कहा कि हमारी मांगें माने जाने तक हड़ताल जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा से सरकारी स्कूल के गरीब बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं एवं रोज़गार प्राप्त कर रहे हैं. जो पढ़ाई कभी तकनीकी संस्थान आईटी डिप्लोमा एवं बी.टेक जैसी शिक्षा कॉलेज में देखा जाता था, आज उसका लाभ स्कूल में ही मिल रहा है. इससे स्कूल में बच्चों की दैनिक उपस्थिति में बढ़ोतरी हो रही है. मैट्रिक एवं इंटर में फेल होने की दर में कमी आई है. बावजूद इसके सरकार एवं अधिकारी इस व्यवस्था को ठीकेदारी बनाकर रख दिए हैं, जिसमें सिर्फ़ हम शिक्षक का शोषण होता है.

## छात्रों को पढ़ाया गया नैतिकता व सतर्कता का पाठ

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र द्वारा नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय स्वांग के छात्र-छात्राओं को मंगलवार को कथारा क्षेत्र द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह अभियान सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्ग दर्शन एवं सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार के निर्देश से संचालित किया गया. इस अवसर पर कक्षा दसवीं के 80 छात्रों को सतर्कता और नैतिकता मूल्य की महत्ता पर जागरुकता किया गया. इस मौके पर सतर्कता जागरुकता अभियान के नोडल अधिकारी सह सीएसआर उप प्रबंधक चंदन कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में नैतिकता और सतर्कता का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है. सतर्कता जागरुकता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे जीवन में सच्चाई और ईमानदारी के महत्व को समझना और इस दिशा में छात्रों को प्रेरित करना मात्र नहीं बल्कि उन्हें एक सशक्त और ईमानदार जीवन जीने की प्रेरणा भी देना है. वहीं इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तारामणि कच्छप ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीसीएल और कथारा क्षेत्र द्वारा शुरू किया गया यह अभियान वास्तव में प्रशंसनीय है. जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपनी-अपनी राय व्यक्त की और सतर्कता जागरुकता के महत्व पर अपने विचार साझा किये.

## छात्राओं ने की उपायुक्त से मुलाकात



संवाददाता। बोकारो

कसमार प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल दांतू की छात्राओं की टीम ने मंगलवार को उपायुक्त विजया जाधव से भेंट की. इनमें से रानी कुमारी, उषा कुमारी, अपर्णा कुमारी, पूजा कुमारी, दिपीका कुमारी और प्रिती कुमारी शामिल थीं.

छात्राओं की टीम ने उपायुक्त को यूएन वोमेन एंड फोर्ड टीम द्वारा प्रकाशित पुस्तक हम की एक प्रति उपलब्ध कराया. छात्राओं ने बताया कि इस पुस्तक में उनकी सफलता की कहानी प्रकाशित हुई है. उपायुक्त ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्राओं की टीम को आगे के लिए शुभकामनाएं दीं. छात्राओं ने उपायुक्त को बताया कि विद्यालय के वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से उन्होंने सौर उर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था का गुण सीखा. क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था ने इस दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी. इसमें विद्यालय के वोकेशनल शिक्षक श्री अनिमेष का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ. सोलर ट्री एवं सौर ऊर्जा आधारित लाइट का निर्माण किया. आज वह पढ़ाई के बाद खाली समय में घरों को रौशन करने वाले एलईडी ब्लब का निर्माण कर रही हैं. छात्राओं की टीम ने एलईडी ब्लब का नमूना भी उपायुक्त को भेंट किया. उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर को जिले के विभिन्न कार्यालयों में इस्तेमाल होने वाले ब्लब की आपूर्ति छात्राओं की टीम से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. छात्राओं ने बताया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भारत कौशल प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया है. उपायुक्त ने कहा कि जो भी सहयोग अपेक्षित होगा, जिला प्रशासन उसमें पूर्ण सहयोग करेगी.

# रेलवे कर्मचारियों के लिए काफी लाभदायक है यूपीएस : डीआरएम



संवाददाता। बोकारो

आद्रा रेल मंडल के डीआरएम सुमित नरूला ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में स्वीकृत एकीकृत पेंशन योजना (UPS) रेलवे कर्मचारियों के लिए काफी लाभदायक है. डीआरएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पेंशन स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी. कहा कि यह कर्मचारियों के मील का पत्थर साबित होगी. यूपीएस लागू करने के पीछे केंद्र सरकार का उद्देश्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के समय उनकी वित्तीय स्थिरता व भविष्य की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है. इस योजना के तहत न्यूनतम 25 वर्षों की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50% निश्चित पेंशन के रूप में मिलेगा. 10 वर्षों की न्यूनतम सेवा अवधि के लिए आनुपातिक पेंशन मिलेगी. कर्मचारी के निधन के तुरंत बाद उनकी पेंशन का 60% पारिवारिक पेंशन के रूप में पत्नी को मिलेगी. न्यूनतम 10 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10000 रुपए प्रति माह न्यूनतम पेंशन मिलेगी.

डीआरएम ने बताया कि यूपीएस में कर्मचारी का अंशदान नहीं बढ़ेगा, बल्कि सरकार ने अपना अंशदान 14% से बढ़ाकर 18.5% कर दिया है. इस योजना से करीब 23 लाख केंद्रीय कर्मचारी लाभान्वित होंगे. राज्य सरकारों के लिए भी पेंशन की वही संरचना होगी. यदि राज्य सरकारें भी इसे अपनाती हैं, तो इससे 90 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी लाभान्वित हो सकेंगे. प्रेसवार्ता में डीआरएम के अलावा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सीमा कुमारी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक टिका राम मीणा मौजूद रहे.

# गिरिडीह की राजनीति में नवीन ने मचा दी हलचल

## विधानसभा चुनाव लड़ने के एलान से कई खेमे की उड़ी नींद

अभय वर्मा। गिरिडीह



विधानसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही दावेदारों के बीच रस्साकशी जारी है. झामुमो, कांग्रेस, बीजेपी, आजसू, राजद के बीच टाइगर जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस की खासा चर्चा है. लोकसभा चुनाव में जयराम की दमदार उपस्थिति के बाद जिले के कई विधानसभा सीटों पर जेबीकेएसएस से उम्मीदवार उतारे जाने की चर्चा है. इनमें डुमरी और गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों की बड़ी फौज है. हालिया दिनों में शहर के बड़े जमीन कारोबारी तथा समाजसेवी नवीन आनंद चौरसिया की राजनीतिक सक्रियता और टाइगर जयराम के साथ नजदीकियां चुनाव लड़ने की संभावनाओं को बल दे रहा है. हालांकि कांग्रेस की राजनीति कर रहे नवीन ओबीसी मोर्चा के कद्दावर नेता हैं, पर गठबंधन की राजनीति ने कांग्रेसियों के चुनावी आकांक्षा गिरिडीह में दफन कर दी है.

ऐसे में कांग्रेस में रहते किसी भी कार्यकर्ता की विधानसभा चुनाव लड़ने की लालसा दिल में ही दफन हो जाएगी. विगत कई विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के हार जीत तय करने वाले नवीन के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा से ही शहर में हलचल मची हुई है.

इधर सूत्र की मानें तो जयराम से दो-तीन बैठकों के बाद यह तय हो गया है कि नवीन आगामी विधानसभा चुनाव में जेबीकेएसएस के गिरिडीह से उम्मीदवार होंगे.

### पीरटांड़ प्रखंड की रहती है अहम भूमिका

गिरिडीह विधानसभा चुनाव क्षेत्र में किसी भी उम्मीदवार की हार जीत का पैमाना पीरटांड़ प्रखंड तय करती है. मालूम हो कि गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में सदर प्रखंड, मुफस्सिल और पीरटांड़ प्रखंड आती है. शहरी क्षेत्र में प्रमुख उम्मीदवारों के वोट का अंतर चाहे जो भी हो पर पीरटांड़ प्रखंड में मिले वोट उम्मीदवारों के जीत तय करती है. विगत लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस को मिले 17000 वोट से दल के अंदर उत्साह है. इधर नवीन की मानें तो हर समुदाय में उनके ऊर्जावान समर्थक हैं, जो विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. जेबीकेएसएस की गिरिडीह की राजनीति में एंट्री और नवीन की दावेदारी ने राजनीतिक समीकरण बिगाड़ रखा है. यह तय है कि जिन राजनीतिज्ञों ने खास समुदाय को अपना वोट बैंक समझने की नादानी की है, उसमें जबरदस्त सेंधमारी की संभावना है. अभी गिरिडीह विधानसभा चुनाव में अन्य दलों की तस्वीर साफ नहीं हुई है, पर नवीन की उम्मीदवारी ने कई के चेहरे पर शिकन ला दी है.

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुइयाडीह टोले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार की रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस दौरान देर रात तक स्थानीय कलाकारों ने गीत संगीत एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम में भक्ति एवं फिल्मी गीतों पर नृत्य पेश कर नन्हें मुन्ने कलाकारों ने दर्शकों को झूमने थिरकने के लिए विवश कर दिया. इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रमेश चंद्र महाराज ने फीता काटकर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बहाने स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम किया गया है. रमेश महाराज ने प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण भी किया. मौके पर पूर्व पंसस संतोष कुमार महतो, सुमित, राजा, मनोज, पप्पू, कुलदीप, सुरेश, अंजली, कविता आदि मौजूद थे.

## मदर टेरेसा की 114वीं जयंती मनी



**कथारा।** मदर टेरेसा की जयंती पर सेंट मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय के निदेशक सतीश कुमार दयाल ने मदर टेरेसा की जयंती मनाई और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला. सर्वप्रथम द्वीप प्रज्वलित कर मदर टेरेसा के चित्र पर माल्यार्पण किया और नमन किया. इसके उपरांत उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मदर टेरेसा ने अपने पूरे जीवन में अपने कर्मों और निश्छल प्रेम के द्वारा लाखों लोगों के हृदय में मां की छवि बनाई है. बीमार, असहाय, गरीब, निर्धन ऐसे लोगों के बीच में अपनी अटूट प्रेम और सेवा के द्वारा पूरे राष्ट्र और पूरे विश्व के लिए एक आदरणीय अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया. उनके अतुलनीय प्रेम और राष्ट्र के प्रति समर्पण और गरीबों के सेवा हेतु भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया. विद्यालय के सहायक शिक्षक दिलीप कुमार यादव ने कहा कि प्रेम, त्याग और तपस्या का दूसरा नाम मदर टेरेसा है. इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक नित्य संगीत और झांकी की प्रस्तुति की गई. इस अवसर पर विद्यालय में केक भी काटा गया और बच्चों में मिठाई विवरण किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण राजीव कुमार दयाल, भानु प्रताप, दिलीप कुमार, कालेश्वर कुमार, पप्पू कुमार, सहना जफर, रोशनी कुमारी, काजल कुमारी, पूनम कुमारी की मुख्य भूमिका रही. मंच संचालन शिक्षिका सहना जफर और धन्यवाद ज्ञापन दिलीप कुमार यादव ने किया.

